# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416
मो. : 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ..................                                                                 दिनांकः 30.07.2016

## प्रकाशनार्थ

प्रकृति मानव जीवन की नियंत्रक है। इसलिए उसका संतुलित एवं व्यवस्थित होना अत्यन्त अपरिहार्य है। प्राकृति संसाधनों के दुरूपयोग ने मानव–जीवन के आस्तित्व का ही सकंट खड़ा कर दिया है। आज पूरा विश्व पर्यावरणीय संकट की चुनौतियों से जुझ रहा है। वृक्ष ही जीवन को आधार प्रदान कर सकते है और वृक्ष ही जीवन दायनी है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने घर–गाँव में अधिक से अधिक ऐसे उपयोगी पौधों को लगाना और उसे सुरक्षित रखना चाहिए। पौधारोपण का कार्य पुनित कार्य है। यह किसी वृहद् धार्मिक अनुष्ठान से कम नहीं है। **पौधारोपण का पवित्र कार्य मानव सेवा का बड़ा अवसर है।** उक्त बातें महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज जंगल धूसड़ गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना और छात्रसंघ के तत्वावधान में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कही।

पौधारोपण कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि प्राकृतिक असंतुलन का मुख्य कारण लगातार अनियोजित नगरीकरण और अधाधुंध वृक्षों की कटाई है। इस समस्या का सबसे अधिक दुष्प्रभाव नौजवानों पर पड़ा है। इस दृष्टि से नवयुवकों की जिम्मेदारी एवं जवाबदेही और भी बढ़ जाती है। प्रत्येक जागरूक व्यक्ति को न केवल पौधारोपण कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहिए बल्कि समाज में इस हेतु उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना चाहिए।

पौधारोपण कार्यक्रम को छात्रसंघ के महामंत्री सतीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और उससे होने वाले नुकसान से बचाव का एक मात्र उपाय पौधारोपण ही है। वातावरण में बढ़ रहे कार्बन डाइ–आक्साइड को कम करके मानव जीवन को स्वस्थ रखने के लिए पृथ्वी अधिकाधिक हरी–भरी बनी रहे। इस अवसर पर पीपल, आवला, इमली,

बबूल, अशोक इत्यादि के **51 पौधों** का रोपण किया गया। ये सभी पौधे दैनिक जागरण में वरिष्ठ पत्रकार गिरिश पाण्डेय द्वारा अनुदान स्वरूप उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में छात्रसंघ प्रतिनिधि अनुपम विश्वास, आशीष राय प्राध्यापक डॉ. यशवंत कुमार राव, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. आर.एन. सिंह, डॉ. शिवकुमार बर्नवाल, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह, सुबोध कुमार मिश्रा, श्रीमती कविता मन्ध्यान, डॉ. आरती सिंह, मनीता सिंह, अपर्णा मिश्रा, आम्रपाली वर्मा, शिप्रा सिंह, प्रियंका गुप्ता, दुर्गेश कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, श्रेयशी सिंह, धनंजय विश्वकर्मा, सुभाष कुमार, आकाश तिवारी सहित स्वंय सेवक/स्वंयसेविकाये एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**(प्रकाश प्रियदर्शी)**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**